आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 18.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– महाकुंभ ने उभरते भारत और विविधता में एकता की भावना को दर्शाया।
- प्रदेश में एकीकृत पेंशन योजना लागू करने की अधिसूचना जारी, एक अप्रैल से शुरू होगी योजना।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून से उत्तरकाशी जिले के कलस्टर विद्यालयों में परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया।
- प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शीघ्र ही 789 और अतिथि शिक्षकों की तैनाती की जायेगी।

**प्रधानमंत्री लोकसभा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को प्रतिबिंबित किया है और पूरे विश्व ने देश की शक्ति को देखा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की विशेषता है, जिसे हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान अनुभव किया गया। महाकुंभ पर आज लोकसभा में बयान देते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब पूरा विश्व चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है, तो इस एकता का भव्य प्रदर्शन देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विविधता में एकता की इस विशेषता को समृद्ध करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई नदियां हैं और उनमें से कुछ खतरे में हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने भारत की क्षमता के बारे में कुछ लोगों में संदेह को दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने देशवासियों को बहुत प्रेरणा दी है, क्योंकि इसका नेतृत्व स्वयं लोगों ने किया था।

## एकीकृत पेंशन योजना

प्रदेश में एकीकृत पेंशन योजना– यूपीएस लागू करने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना राज्य में एक अप्रैल से शुरू होगी। राजकीय विभागों में तैनात कर्मचारियों को यह नई पेंशन योजना अवकाश प्राप्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी। वित्त सचिव डॉ. वी षणमुगम ने अधिसूचना राज्यपाल द्वारा अंगीकृत किए जाने के बाद लागू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद एक स्थिर और सुरक्षित जीवन प्रदान करना है। यह योजना, 1 जनवरी, 2004 के बाद सरकारी सेवा में शामिल हुए कर्मचारियों और अधिकारियों को लाभान्वित करेगी।

## शहद महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में मधुमक्खी पालन को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लेते हुए शहद महोत्सव आयोजित करने के लिए उद्यान विभाग को निर्देश दिये हैं। उन्होंने हर वर्ष शहद महोत्सव की एक तिथि भी निर्धारित करने को कहा है। आज मुख्यमंत्री आवास परिसर में पहले चरण में 57 किलोग्राम शहद निकाला किया गया। इस बार लगभग 200 किलोग्राम तक शहद के निकालने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में फूलों की प्रजातियां हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाले जैविक शहद उत्पादन में सहायक हैं। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों में औषधीय गुणों वाला शहद तैयार करने के लिए लोगों प्रशिक्षण दिए जाने और मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात भी कही।

## दयारा बुग्याल रोपवे

उत्तरकाशी जिले में दयारा बुग्याल के रोपवे से जुड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। रैथल–बारसू दयारा रोपवे का प्री फिजिबिलिटी अध्ययन पूरा होने के बाद शासन की ओर से इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेज दी गई है। इसके साथ ही वरुणावत टॉप रोपवे की प्रक्रिया भी शासन में गतिमान है।

समुद्रतल से करीब तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर बसे दयारा बुग्याल में हर वर्ष हजारों ट्रेकर्स और पर्यटक पहुंचते हैं। यहां पहुंचने के लिए रैथल से आठ और बारसू से करीब सात किमी का ट्रेक कर यहां पहुंचा जा सकता है। वहां पर पर्यटन के दृष्टिकोण से लंबे समय से स्थानीय लोग रोपवे निर्माण की मांग कर रहे थे। तो वहीं अब इस पर कार्यवाही शासन की और आगे बढ़ाई गई है। जानकारी के अनुसार रैथल–बारसू दायरा रोपवे के लिए प्री फिजिविलिटी स्टडी का कार्य पूरा किया जा चुका है और इसकी डीपीआर तैयार शासन की ओर से केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। यह रोपये करीब चार किलोमीटर लंबा प्रस्तावित

है। वहीं इसके निर्माण से आम पर्यटकों का दयारा पहुंचना बहुत आसान हो जाएगा और यह पर्यटन के साथ स्थानीय रोजगार के लिए नया आयाम साबित होगा।

**विद्यालय बस**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से उत्तरकाशी जिले के कलस्टर विद्यालयों में परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें विद्यालय आवागमन में समय की बचत होगी। इस तरह के नवाचार से बच्चों को पठन–पाठन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय प्रयास किया गया है। गौरतलब है कि उत्तरकाशी जिले के जिन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए यह बस की सुविधा दी जा रही है, उनमें नौगांव विकासखण्ड के लिए 05, भटवाड़ी और डुण्डा के लिए 03–03, पुरोला के लिए 02, जबकि चिन्यालीसौड़ और मोरी विकासखण्डों के लिए 01–01 बस शामिल हैं।

अतिथि शिक्षक तैनाती

प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा विभाग के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शीघ्र ही 789 और अतिथि शिक्षकों की तैनाती की जायेगी। प्रवक्ता संवर्ग के इन शिक्षकों को प्रदेश के पर्वतीय व दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में कला वर्ग के विभिन्न विषयों के सापेक्ष नियुक्त किया जायेगा। राज्य के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को अतिथि प्रवक्ताओं को जिला व विषयवार शीघ्र नियुक्ति देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत कला वर्ग के विषयों के 789 अतिथि प्रवक्ताओं की मेरिट सूची तैयार कर जिलों को भेज दी गई है। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश के नौनिहालों को बेहतर शिक्षा सुलभ कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**चारधाम यात्रा**

चारधाम यात्रा के लिए अभी लगभग डेढ़ माह का समय बचा है, लेकिन उससे पहले ही गढ़वाल मंडल विकास निगम के पास 2 करोड़ रुपए से ज़्यादा की एडवांस बुकिंग आ चुकी है। निगम के महाप्रबंधक विशाल मिश्रा ने बताया सभी गेस्ट हाउसेज़ को रेनोवेट करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक टीम निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेगी, ताकि यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को समय रहते बेहतर किया जा सके।

## विवाह पंजीकरण

श्रमायुक्त कार्यालय, हल्द्वानी और श्रम विभाग के सभी कार्यालयों में तैनात विवाहित कार्मिकों के विवाह का पंजीकरण, यूसीसी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करवाया जाएगा। प्रदेश की श्रमायुक्त दीप्ति सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा और उद्यान विभाग में नोडल अधिकारियों को नामित कर दिया गया है।

## औली पर्यटक

चमोली जिले में स्थित हिम क्रीड़ा स्थल औली में इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। आज चटक धूप के बीच पर्यटकों ने औली के 10 नंबर टावर के नीचे तक के बर्फीले स्लोप में फन स्कीइंग का लुत्फ उठाया। वहीं पर्यटकों की भीड़ से स्थानीय कारोबारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं।